## एक नजर में

### विद्यार्थियों को सुलोन प्रा.लि. कंपनी में औद्योगिक भ्रमण कराया




**नागदा.** संस्था सांदीपनि शा.उ.मा.वि. नागदा के कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के आईटी विषय के विद्यार्थियों को सुलोन प्रा.लि. कंपनी में औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। जिसमें उन्हें संस्थान में आईटी संबंधी कार्यो एवं रोजमर्रा के ऑफिस कार्य संबंधित पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर बनाने की प्रक्रिया, आवश्यकताएँ एवं उपयोगिता के विषय में विशेष जानकारी दी गई। औद्योगिक भ्रमण में संस्था के प्राचार्य श्री धर्मेन्द्र जाट, प्रशिक्षक नीलेश कुमार गोयल एवं आईटी विषय के व्यावसायिक प्रशिक्षक पवन कलमे विद्यार्थियों को लेकर उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का स्वल्पाहार भी करवाया गया।

### पेंशनरों ने 27 को शासन को ज्ञापन सौंपने का किया ऐलान

**धार.** प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन म प्र के प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी के निर्देशानुसार 27 नवम्बर को दिन के दो बजे प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन जिला धार एवं विद्युत मण्डल पेंशनर एसोसिएशन जिला धार के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम दिनांक 27/11/25 गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय धार पर बड़ी संख्या में पेंशनर साथियों के द्वारा ज्ञापन सौंपा जावेगा जिस में पेंशनरों को केन्द्र के समान जुलाई 2025से 3न्नउसी तारीख से मंहगाई राहत राशि का भुगतान किया जाने, पेंशनर विरोधी धारा 49/6हटाने,बकया एरियर्स का भुगतान करने की मांग करते हुए आर्थिक शोषण बंद करने का आग्रह किया गया है ।साथ ही माननीय मुख्यमंत्री महोदय से आग्रह किया गया है कि प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन एवं सहयोगी पेंशनरों के पदाधिकारियों को मिलने का समय देवें ताकि चर्चा के माध्यम से लंबित मांगों का निराकरण करने का मार्ग प्रशस्त हो सके। प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन जिला धार के अध्यक्ष रामचन्द्र जाट, कार्यकारी अध्यक्ष मणिशंकर परमार प्रांतीय संयुक्त सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष चम्पालाल पाटीदार, प्रांतीय सचिव बसंतराव मुरमकर,प्रांतीय सह सचिव एवं बदनावर तहसील अध्यक्ष जयनारायण जाट, प्रांतीय प्रचार मंत्री रामभरोसे वर्मा, प्रांतीय सलाहकार भीम सिंह सिसौदिया,संभागाध्यक्ष रमेशचंद्र सोलंकी,म प्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष त्रिलोकचंद पटेल , सचिव अर्जुनसिंह सिसौदिया, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र परमार ने पेंशनर साथियों से आह्वान किया कि आप आठवें वेतनमान का लाभ लेना चाहते हो तो घर से बाहर निकल कर अधिक से अधिक संख्या में 27नवम्बर को कलेक्टर कार्यालय धार पहुंचने का कष्ट करें ।यह जानकारी प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन जिला धार के मिडिया प्रभारी सुनील निगम ने दी।

### शहर में घूमता मिला जिलाबदर कुख्यात बदमाश

**इंदौर.** एक दर्जन से अधिक अपराधों में लिप्त एक कुख्यात बदमाश को जिलाबदर होने के बावजूद इंदौर में बेखौफ घूमते हुए पुलिस ने पकड़ लिया. आरोपी पर हत्या सहित संगीन धाराओं में केस दर्ज हैं. द्वारकापुरी थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पंचमूर्ति नगर निवासी विनोद पिता रमेश मराठा को गिरफ्तार किया है. आरोपी की लगातार बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए प्रशासन ने उसे छह माह के लिए जिलाबदर किया था, लेकिन इसके बावजूद वह इंदौर में ही घूमता मिला. आरोपी पर शहर के विभिन्न थानों में अड़ीबाजी, मारपीट, अवैध हथियार, चाकूबाजी, जुआ एक्ट सहित हत्या जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं. आरोपी पर पहले भी कई बार कार्रवाई की गई, लेकिन उसकी गतिविधियां कम नहीं हुई. इधर, पुलिस कमिश्नर ने बदमाशों पर नकेल कसने के लिए नई व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत ऐसे अपराधियों को एक वर्ष तक प्रतिदिन थाने में हाजिरी लगानी होगी, यादव का कहना है कि यह व्यवस्था अपराध पर नियंत्रण के लिए प्रभावी साबित होगी.

### तीन महिलाओं ने दर्ज कराई दहेज प्रताड़ना की शिकायत


इंदौर. शहर में दहेज प्रताड़ना के तीन अलग-अलग मामलों में महिलाओं ने पति और ससुराल पक्ष पर शारीरिक-मानसिक यातना के गंभीर आरोप लगाए हैं. पुलिस ने सभी मामलों में बीएनएस की धाराओं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. लसूड़िया थाने में 23 वर्षीय मनीषा यादव की शिकायत पर उसके पति नीरज यादव, ननद, देवर और सास-ससुर समेत परिवार के अन्य सदस्यों पर केस दर्ज किया है. मनीषा का आरोप है कि शादी में उसके परिवार द्वारा घर-गृहस्थी का सामान, सोने के जेवर, दो लाख रुपए और स्विफ्ट डिजायर कार देने के बावजूद ससुराल वाले अतिरिक्त पैसे की मांग को लेकर ताने देने लगे. विरोध करने पर उसे लगातार शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी गई. महिला थाना इंदौर में दर्ज दूसरे मामले में लसुड़िया मोरी निवासी 29 वर्षीय रानु मालवीय ने पति मनोज और उसकी रिश्तेदार स्वाती सोलंकी पर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए. शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. इसी थाना क्षेत्र के एक अन्य मामले में ऊषा नगर निवासी 24 वर्षीय याशिका लांभते ने पति समीर लांभते, सास-ससुर सहित परिवार के अन्य सदस्यों पर दहेज मांगने और प्रताड़ना के आरोप लगाए. उसके मुताबिक शादी के बाद से ही लगातार दवाब बनाकर मायके से रुपए लाने कीमांग की जाती रही. संबंधित थाना पुलिस ने मामलों की जांच शुरू कर दी है.

### अलग-अलग क्षेत्रों से नाबालिग लड़कियां लापता

इंदौर. शहर और ग्रामीण क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले सामने आए हैं. दोनों ही मामलों में पुलिस ने अपहरण की धाराओं में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है. पहला मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है. शिकायत के मुताबिक जयहिन्द नगर स्थित पानी की टंकी क्षेत्र में रहने वाली एक महिला की नाबालिग बेटी को शनिवार सुबह करीब 6.30 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया. काफी तलाश के बाद भी बच्ची का पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी. बाणगंगा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. दूसरा मामला सांवेर थाना क्षेत्र से सामने आया है. ग्राम मेरखेड़ी निवासी राजमल चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग बेटी को शाम करीब 5.30 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया. दोनों मामलों में पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है.


नव भारत

बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
स्वदेश सिंह पंवार
मो.बा. 96306-42180



# आरएसएस के युवा संगम में 320 स्वयंसेवकों ने भाग लिया

## प्रमुख वक्ता बोले- प्रकृति पूजक हिंदू, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका

**बाग -** संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बाग में एक विराट युवा संगम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 320 युवा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। आयोजन को खेलकूद, बौद्धिक चर्चा और सामूहिक भोजन, इन तीन सत्रों में संपन्न किया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता और धार विभाग प्रचारक दिनेश तेजरा ने युवा सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की पूजा करने वाले सभी लोग हिंदू हैं। तेजरा ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में युवाओं की संख्या विश्व में सर्वाधिक है, और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने स्वयंसेवकों से हिंदू समाज में भेदभाव पैदा करने वालों का मुकाबला करने का आह्वान किया।युवा स्वयंसेवक पहले सरस्वती शिशु मंदिर में एकत्रित हुए। इसके बाद, मैदान में एक घंटे की शाखा लगाई गई, जिसमें विभिन्न खेलकूद गतिविधियां, गीत और चर्चाएं शामिल थीं। शाखा के समापन के बाद, सिटी कॉन्वेंट स्कूल, बाग के परिसर में बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सत्र में युवाओं के साथ राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन एमआर स्कूल परिसर में सामूहिक भोजन के साथ हुआ। यह युवा विस्तार से चचर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन स्कूल परिसर में सामूहिक भोजन के साथ हुआ। यह युवा संगम संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना था।



# किसानों की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने दिया ज्ञापन

**मक्का की भावंतर योजना समाप्त कर एम एस पी 4000 प्रति क्विंटल की जाए**

**बाग -** लगातार आम आदमी पार्टी के नेता कार्यकर्ता ग्रामीण किसानों की समस्याओ को लेकर किसानो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी आवाज बन रहे हैं ।और सरकार के द्वारा किसानो की कमर तोड़ने वाली योजना को बंद करने की मांग कर रहे हैं । इसी कड़ी में 25 नवंबर 2025 को आम आदमी पार्टी के पुर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री सुरज गेहलोत के नेतृत्व में ग्रामीण किसानों और पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में तहसील टप्पा कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया । इस ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की मक्का की भावांतरण योजना समाप्त कर एम एसपी रुपये 4000 प्रति किंटल पर सरकारी खरीदी सुनिश्चित करने तथा निजि खरीदी पर रोक लगाई जाए । ताकी किसान को उसका अधिक लाभ मिले और जो किसान आज इस योजना में अपनी ठगी मेहसुस कर रहा है । जिसको लेकर आम आदमी पार्टी के पुर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सूरज गेहलोत ने बताया की आज गरीब भोला भोला किसान बड़ी मेहनत से अपनी फसल को उगाता हे । ओर उसको उसका पुरा भाव नहीं मीले तो उसका परिवार केसा चलेगा केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2025/26 लिए मक्का का एम एस पी 2400 प्रति क्विंटल घोषित किया था लेकिन स्थिति यह हे कि जिले के किसान अभी भी 1800/2000 तक ही भाव प्राप्त कर रहे हैं । जिसके चलते भावांतर योजना अप्रभावी साबित हूई किसानों कि आज मुख्य समस्या निति खरीदी समाप्त कर एम एस पी से कम दर खरीदी, मंडी में सरकारी खरीदी केन्द्रों की कमी, किसानों को भुगतान में विलंब,उत्पादन लागत में 3000 वृद्धि पर लाभ नहीं । इस स्थिती में किसान अबतक घाटे का सोदे का भार झेलता रहेगा । इस तरह कही समस्याओं से क्षेत्र ओर जिले का किसान झुझ रहा है । शासन को इस समस्या से अवगत कराते हुए समाधान की गुहार लगाई है ।

# किसानों के हित में विधायक कमलेश्वर डोडियार की बड़ी पहल



**सरदारपुर ।** विधानसभा क्षेत्र के किसानों को वर्षों से नहरों के माध्यम से सिंचाई का पानी नहीं मिल पा रहा है। आनंदखेड़ी व दौलतपुरा तालाबों से निकलने वाली नहरों की साफ़्सफाई लगभग 8 से 10 वर्षों से नहीं हुई है। नहरों की उपेक्षा के कारण टांडाखेड़ा, हनुमंत्या काग, आनंदखेड़ी, दौलतपुरा सहित आसपास के गाँवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए भारत आदिवासी पार्टी के विधायक कमलेश्वर डोडियार जी ने इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए जल संसाधन विभाग, धार को पत्र लिखकर नहरों की तत्काल साफ-सफाई करवाने तथा किसानों को शीघ्र पानी उपलब्ध करवाने की मांग की है। विधायक डोडियार जी ने विभागीय अधिकारियों से इस संबंध में की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि किसानों को जल्द राहत मिल सके।

भारत आदिवासी पार्टी किसानों के हित, अधिकार और न्याय के लिए सदैव संघर्षरत रही है और आगे भी किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध है। उक्त जानकारी राजेन्द्र गामड ने दी.

# आईएएस अधिकारी वर्मा की सोच अशोभनीय, जातिवादी एवं ब्राह्मण विरोधी है : त्रिपाठी

**ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया ने की कड़ी शब्दों में निंदा, कार्रवाई की मांग,अन्यथा आंदोलन**



**धार ।ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया मध्य प्रदेश के प्रांतीय महासचिव ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने आईएएस अधिकारी एवं (अजाक्स) के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा के द्वारा स्वर्ण समाज के बेटियों के बारे में दिए गए बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है और कहा कि यह उनकी तुच्छ सोच है उन्होंने इसे अशोभनीय, जातिवादी और ब्राह्मण बेटियों के लिए अपमानजनक बताया तथा कहा कि इस तरह की मानसिकता वाले अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।**

आईएएस अधिकारी वर्मा ने भोपाल के अंबेडकर मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ‍जब तक कोई ब्राह्मण अपनी बेटी मेरे बेटे को दान नहीं करता या उससे संबंध नहीं बनाता, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए।

त्रिपाठी ने कहा कि ‍ब्राह्मण बेटियों के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए तुरंत एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। आईएएस अधिकारी की टिप्पणी अशोभनीय, आपत्तिजनक और ब्राह्मण समाज का अपमान है। अगर जल्द ही आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया, तो ब्राह्मण समाज राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगा।

ज्ञात रहे कि आईएएस संतोष कुमार वर्मा इससे पहले भी विवादों में रह चुके हैं। उन पर प्रमोशन पाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोप लग चुके हैं। इस मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया था और सस्पेंड हो गए थे। वर्मा पर एक महिला ने शादी का झांसा देकर ज्यादती का आरोप भी लगाया था।

# चार स्थानों से अवैध हथियारों के साथ आरोपी पकड़े

इंदौर. शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चौकसी बढ़ाते हुए चार आरोपियों को अवैध धारदार हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है. सभी मामलों में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर हथियार जब्त कर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है. गांधीनगर थाना क्षेत्र में गिरनार परिसर के पास सड़क पर 22 वर्षीय करण पंवार को पुलिस ने संदिग्ध हालत में रोककर तलाशी ली. उसके पास से अवैध चाकू मिला, जिस पर आरोपी को हिरासत में लेकर केस दर्ज किया गया. परदेशीपुरा थाना पुलिस ने एमआर-4 रोड हुकुमचंद्र मिल के पास 30 वर्षीय दीपक कुशवाह को पकड़ा. तलाशी के दौरान उसकी पैंट में खोंसा हुआ लोहे का खटकेदार चाकू मिला.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**जाहिर सूचना**

**क्रमांक: 349/लीज़/2025** **दिनांक: 19.11.2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मध्य प्रदेश अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित 04.05.2021 के प्रावधान अंतर्गत निम्नलिखत व्यक्तियों द्वारा निगम स्वामित्व की लीज़ भूमि/भवन पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। तालिका में वर्णित भूमि के संबध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को नामांतरण के संबंध में दावा-आपत्ति/सुझाव हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिन में लेखी प्रमाण के साथ निगम कार्यालय (लीज़ शाखा) में सम्पर्क कर प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नही होगी एवं आवेदक के पक्ष में लीज़ नामांतरण की कार्यवाही हेतु नगर निगम द्वारा यथोचित निर्णय लिया जावेगा।

| क्र. | मूल लीज़ गृहिता का नाम | आवेदक का नाम | लीज़ संपत्ति का विवरण | आवेदन का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री शरद पिता श्री विष्णु वावीकर | 1. श्रीमती शारदा पति स्व. श्री शरद वावीकर<br>2. श्री प्रमोद पिता स्व. श्री शरद वावीकर<br>3. श्री राहलु पिता स्व. श्री शरद वावीकर<br>4. श्रीमती सीमा पति श्री नितिन शिंदे | ब्लॉक नं. 4 मकान नं. 40/4 गली नं. 02 नार्थ हरसिद्धी इन्दौर (600 वर्गफुट) | वारिसनाते नामांतरण |
| 2. | श्री हजारीलाल पिता श्री बाबूलाल माली | श्री रामलखन पिता श्री विश्वनाथ बौरासी | ब्लॉक नं. 60, मकान नं. 135 सुभाष नगर कॉटन अड्डा परदेशीपुरा इन्दौर (1500 वर्गफुट) | विक्रय-पत्र के आधार पर नामांतरण |
| 3. | श्री रामकिशन पिता श्री बाबू | श्री संतोष पिता स्व. श्री रामकिशन खोडे<br>श्रीमती रेखा पति श्री रमेश मेवाती | क्वार्टर नं. 23 वाल्मिकी नगर बाणगंगा इन्दौर (520 वर्गफुट) | वारिसनाते नामांतरण |
| 4. | श्री भंवरलाल पिता श्री लालूराम पुरोहित | 1. श्रीमती कंचन पति स्व. श्री भंवरलाल पुरोहित<br>2. श्री ललित पिता स्व. श्री भंवरलाल पुरोहित<br>3. श्री मुकेश पिता स्व. श्री भंवरलाल पुरोहित<br>4. श्रीमती कविता पति श्री गोविंद जोशी | मकान नं. 50 जयहिन्द नगर बाणगंगा इन्दौर (600 वर्गफुट) | वारिसनाते नामांतरण |
| 5. | श्री सुरज प्रकाश पिता श्री बद्रीलाल दुसाद | श्री नेमीचंद पिता श्री घनश्याम बिश्नोई | ब्लॉक नं. 8 व 9 मकान नं. 5/2 नया 5/4 मनोरमागंज इन्दौर (3922 वर्गफुट) | विक्रय के आधार पर नामांतरण |
| 6. | श्री कुंदनलाल पिता श्री ताराचंद पांचाल | श्री हरिनारायण पिता स्व. श्री कुंदनलाल पांचाल | मकान नं. 35 सी सुभाष नगर कॉटन अड्डा एक्स परदेशीपुरा इन्दौर (1750 वर्गफुट) | अपंजीकृत वसीयत के आधार पर नामांतरण |
| 7. | स्टेट बैंक ऑफ इन्दौर तर्फे श्री जयप्रकाश पिता श्री सुखलाल जोशी | श्री अशोक कुमार पिता स्व.श्री सोहनलाल सुराना | ब्लॉक नं. 21 गली नं. 6 मनोरमागंज इन्दौर (2200 वर्गफुट) | पंजीकृत त्याग विलेख के आधार पर नामांतरण |
| 8. | श्रीमती सरस्वती बाई पति श्री व्यंकटेश म्हालस | 1. श्री प्रदीप पिता श्री मार्तण्ड तराणेकर<br>2. श्री संजय पिता श्री मार्तण्ड तराणेकर | ब्लॉक नं. 187 इ मकान नं. 56/2 नया 81/1 स्नेहतागंज इन्दौर (8460 वर्गफुट) | वसीयत के आधार पर नामांतरण |
| 9. | श्रीमती भागवंती बाई पति श्री मोहनलाल जाजू | श्री गिरीश पिता श्री मोहनलाल जाजू | ब्लॉक नं. 115 मकान नं. 23 गली नं. 04 नार्थ राजमोहल्ला इन्दौर (2000 वर्गफुट) | पंजीकृत हक्क त्याग के आधार पर नामांतरण |
| 10. | श्री नुरमोहम्मद पिता श्री फतेह मोहम्मद | 1. श्री योगेश पिता श्री कचरूमल बंसल<br>2. श्री लोकेश पिता श्री कचरूमल अग्रवाल | ब्लॉक नं. 26 मकान नं. पुराना 15 नया 19 परदेशीपुरा इन्दौर (2400 वर्गफुट) | विक्रय के आधार पर नामांतरण |
| 11. | श्री शंकरलाल पिता श्री देवकृष्ण दुबे | श्रीमती शांति देवी पति श्री सुमतिचंद सुतलिया | ब्लॉक नं. 62 का विभाजित भाग क्रमांक 08 मनोरमागंज इन्दौर (2421.6 वर्गफुट) | विक्रय के आधार पर नामांतरण |
| 12. | 1. श्री भवरलाल पिता श्री रामविलास मालू<br>2. श्री लक्ष्मीनारायण सदाशिव | श्री प्रमोद पिता श्री शिव कुमार पाठक | ब्लॉक नं. 48 एवं 49 डि. 1, 1 A वर्तमान म्यु मकान नं. 11 गली नं. 05 परदेशीपुरा इन्दौर (600+600=1200 वर्गफुट) | विक्रय के आधार पर नामांतरण |
| 13. | श्री प्रभाकर पिता श्री दामोदर गोखले | 1. श्री रूपेश पिता श्री बंशीधर कुम्भज<br>2. श्रीमती कलावती पति श्री बंशीधर कुम्भज | ब्लॉक नं. 105 वर्तमान मकान नं. 10-11/1 डि.नं. 06 परदेशीपुरा इन्दौर (4280 वर्गफुट) | विक्रय के आधार पर नामांतरण |
| 14. | श्री सुगन लाल पिता श्री मन्नालाल मंत्री | 1. श्री संतोष कुमार पिता स्व. श्री सुगनलाल मंत्री<br>2. श्री दिनेश कुमार पिता स्व. श्री सुगनलाल मंत्री<br>3. श्री रमेश कुमार पिता स्व. श्री सुगनलाल मंत्री<br>4. श्री राजेश कुमार पिता स्व. श्री सुगनलाल मंत्री<br>5. श्रीमती शांता पति स्व. श्री बृजमोहन बाहेती<br>6. श्रीमती अल्का पति श्री सत्यनारायण भूतडा<br>7. श्रीमती रेखा पति स्व. श्री महेश कुमार मंत्री<br>8. श्रीमती निधि पति श्री आशीष गोयल<br>9. श्रीमती भिनि पति श्री अंबर माहेश्वरी | ब्लॉक नं. 107 मकान नं. पुराना 232 नया 283 ज्वाहर मार्ग राजमोहल्ला इन्दौर (1500 वर्गफुट) | वारिसनाते नामांतरण |
| 15. | श्री माधवराव पिता श्री राव भोंडवे | 1. श्री मुकेश कुमार पिता स्व. श्री शिवाजी राव भोंडवे<br>2. श्री विपिन पिता स्व. श्री शिवाजी राव भोंडवे<br>3. श्री नितिन पिता स्व. श्री शिवाजी राव भोंडवे<br>4. श्री अश्विनी कुमार पिता स्व. श्री पी.एम.भोंडवे<br>5. श्री धर्मेन्द्र पिता स्व. श्री पी.एम. भोंडवे<br>6. श्रीमती सुजाता पति स्व. श्री जितेन्द्र भोंडवे<br>7. कुमारी नितिक्षा पिता स्व. श्री जितेन्द्र भोंडवे<br>8. कुमारी लक्षिता पिता स्व. श्री जितेन्द्र भोंडवे | ब्लॉक नं. 41 मकान नं. 36 साउथ राजमोहल्ला इन्दौर (1610 वर्गफुट) | वारिसनाते नामांतरण |
| 16. | श्री सुरेश कुमार पिता श्री बालमुकुन्द शर्मा | 1. श्री अजय कुमार पिता स्व. श्री सुरेश कुमार शर्मा<br>2. श्री सजंय पिता स्व. श्री सुरेश कुमार शर्मा<br>3. श्रीमती छाया पति श्री प्रमोद कुमार शर्मा | मकान नं. 38 सी सुभाष नगर कॉटन अड्डा परदेशीपुरा इन्दौर (1500 वर्गफुट) | वारिसनाते नामांतरण |
| 17. | श्री विष्णु पिता श्री जयराम दिघे | श्री हितेन्द्र पिता श्री मदन सिंह भाटी | मकान नं. 23 सी सुभाष नगर कॉटन अड्डा परदेशीपुरा इन्दौर (1500 वर्गफुट) | विक्रय पत्र एवं पंजीकृत हक्कत्याग के आधार पर नामांतरण |
| 18. | वी.एस. सरवटे | 1. श्री महेश पिता राज कुमार गुप्ता<br>2. श्रीमती साक्षी पति श्री महेश गुप्ता<br>3. श्री ध्रुव पिता श्री महेश गुप्ता | ब्लॉक नं. 03 प्लॉट नं. 12 ओल्ड पलासिया एबी रोड इन्दौर (23437 वर्गफुट) | विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण |

**अपर आयुक्त**
**लीज़ प्रकोष्ठ**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**